RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : गुरुवार 14 मार्च 2024 | वर्ष 05 | अंक 322 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
®
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# फिर संकट में कांग्रेस!
## संजय निरुपम ने की अशोक चव्हाण से मुलाकात...



**मुंबई :** महाविकास आघाडी में नाराज चल रहे कांग्रेसी नेता संजय निरुपम ने मंगलवार की रात बीजेपी के राज्यसभा सांसद अशोक चव्हाण से सीक्रेट मुलाकात की। चव्हाण ने हाल ही में कांग्रेस छोड़ने के बाद बीजेपी ज्वाइन की है। ऐसे में अब निरुपम व चव्हाण की मुलाकात के कई मायने निकाले जा रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक अब निरुपम के भी पार्टी छोड़ने की अटकलें तेज हो गई है। इससे पहले चव्हाण के साथ मिलिदं देवड़ा और बाबा सिद्दीकी कांग्रेस छोड़ चुके हैं। ऐसे में चर्चा इस बात की चल रही है कि क्या अगला नंबर निरुपम का है। यह सारी कवायद ऐसे समय में चल रही है, जब कांग्रेस सांसद राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर महाराष्ट्र के दौरे पर हैं। संजय निरुपम लोकसभा का चुनाव मुंबई की उत्तर पश्चिम सीट से लड़ना चाहते हैं। महाविकास आघाडी में शामिल पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे ने इस सीट से अपनी पार्टी नेता अमोल कीर्तिकर को उम्मीदवार घोषित कर दिया है। इस वजह निरुपम बेहद नाराज हैं। उनका कहना है कि सीटों के बंटवारे पर चल रही बातचीत के बीच इस तरह उम्मीदवार के नाम की घोषणा कर देना गठबंधन धर्म के खिलाफ है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि अमोल खिचड़ी घोटाले में फंसे हुए हैं। ऐसे में इस तरह के नेता को उम्मीदवार बनाना कहां तक उचित है। इस सेटबैक के बाद अब निरुपम अपने लिए दूसरा विकल्प तलाश करने में जुट गए हैं। सूत्रों के मुताबिक उन्होंने अशोक चव्हाण से मिल कर महायुति से टिकट मिलने की संभावनाओं को तलाश करने में मदद करने की गुजारिश की है।

# महाराष्ट्र सरकार ने बदला मुंबई के 8 रेलवे स्टेशनों के नाम

## मुख्यमंत्री शिंदे ने सैद्धांतिक रूप से नाम बदलने को मंजूरी दी

मुंबई: मुंबई रेलवे स्टेशनों को अंग्रेजों की ओर से दिए गए नाम अब इतिहास में दर्ज हो जाएंगे। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मुंबई उपनगरीय रेलवे पर आठ रेलवे स्टेशनों का नाम बदलने को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। रेलवे स्टेशनों के नए नाम केंद्र सरकार की अंतिम मंजूरी के बाद लागू होंगे। वहीं सरकार ने अहमदनगर जिले का नाम भी बदल दिया है। अब अहमदनगर का नाम 'अहिल्यादेवी नगर' रख दिया गया है। इससे पहले सरकार ने औरंगाबाद का नाम संभाजी नगर और उस्मानाबाद का नाम धाराशिव कर दिया था।



तीन दिन में दो बार महाराष्ट्र कैबिनेट की बैठक हुई। सोमवार की बैठक में 33 फैसलों की झड़ी के बाद आज बुधवार की बैठक में 26 फैसले लिए गए। लोकसभा चुनाव की पृष्ठभूमि में आचार संहिता से पहले अहम फैसले लिए गए। तीन दिनों में हुई दो कैबिनेट बैठकों में कुल 59 फैसले लिए गए। फैसलों में अहमदनगर शहर का नाम बदलना, पुणे जिले के वेल्हे तालुका का नाम राजगढ़ करना, मुंबई में आठ रेलवे स्टेशनों को ब्रिटिश नामों में बदलना, उत्तान से विरार सी लिंक को मंजूरी देना शामिल है। रेलवे स्टेशनों का नाम बदलने के बारे में पूछने पर सांसद राहुल शेवाले ने कहा कि 1960 में भारत सरकार ने एक प्रस्ताव पास किया गया था, जिसके अनुसार ब्रिटिश हुक्मरान द्वारा दिए गए नाम को बदला जा सकता है। हमने सिर्फ अंग्रेजों द्वारा रखे गए स्टेशनों के नाम बदलने का प्रस्ताव रखा था। हमारी मांग है कि इन सभी का नाम बदलकर भारतीय करना चाहिए।

| | रेल्वे स्थानकाचे जुने नाव | रेल्वे स्थानकाचे नवीन नाव |
|---|---|---|
| मध्य रेल्वे | १) करी रोड रेल्वे स्थानक | लालबाग रेल्वे स्थानक |
| | २) सॅन्डहर्स्ट रोड रेल्वे स्थानक | डोंगरी रेल्वे स्थानक |
| पश्चिम रेल्वे | १) एलफिन्स्टन रोड रेल्वे स्थानक | प्रभादेवी रेल्वे स्थानक |
| | २) बॉम्बे सेन्ट्रल टर्मिनस/ रेल्वे स्थानक | नाना शंकरशेठ टर्मिनस / रेल्वे स्थानक |
| | ३) ग्रॅन्ट रोड रेल्वे स्थानक | गावदेवी रेल्वे स्थानक |
| | ४) चर्नी रोडरेल्वे स्थानक | गिरगांव रेल्वे स्थानक |
| हार्बर रेल्वे | १) कॉटन ग्रीन रेल्वे स्थानक | काळाचौकी रेल्वे स्थानक |
| | २) रे रोड रेल्वे स्थानक | घोडपदेव रेल्वे स्थानक |
| | ३) सॅन्डहर्स्ट रोड रेल्वे स्थानक | डोंगरी रेल्वे स्थानक |

### कोड बदलने को लेकर कोई फैसला नहीं

रेलवे स्टेशनों के नाम बदलने की मंजूरी के बाद स्टेशन कोड यानी अंग्रेजी में कोड बदलने को लेकर कोई फैसला नहीं लिया गया है। रेलवे अधिकारियों ने साफकिया कि रेलवे बोर्ड के नोटिफिकेशन के बाद स्टेशन का कोड बदल जाएगा या नाम बदलने के बाद उपयोग में आने वाला कोड वैसे ही रहेगा।

### करी रोड स्टेशन का नाम लालबाग करने का प्रस्ताव

शेवाले ने बताया कि करी रोड स्टेशन का नाम लालबाग करने का प्रस्ताव रखा है। मरीन लाइंस स्टेशन का नाम मुंबई की कुल देवी मुंबा देवी के नाम पर होना चाहिए। चर्नी रोड को गिरगांव नाम दिया जाना चाहिए। हमने कॉटन ग्रीन को कालाचौकी, डॉकयार्ड रोक को मझगांव और किंग्ज सर्कल स्टेशन का नाम तीर्थंकर पार्श्वनाथ करने का प्रस्ताव दिया है। शेवाले के अनुसार नाम बदलने के प्रस्ताव को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। कैबिनेट की हरी झंडी मिलने के बाद प्रस्ताव केंद्र सरकार के बाद जाएगा।

### लोकसभा चुनाव के ऐलान से पहले बड़ा कदम

दरअसल आगामी लोकसभा चुनाव से पहले महागठबंधन सरकार ने कई सालों से रुकी हुई परियोजनाओं और प्रस्तावों को शुरू करने का प्रयास किया है। अब इसमें मुंबई रेलवे स्टेशनों का नाम बदलना भी जुड़ गया है। सांसद राहुल शेवाले ने सेंट्रल, हार्बर और वेस्टर्न रेलवे के स्टेशनों के ब्रिटिश नामों को बदलकर स्थानीय पहचान वाले मराठी नामों के संबंध में मुख्यमंत्री से पत्र-व्यवहार किया था।

# नाबालिग लड़की की हत्या की कोशिश, शख्स को 7 साल की सजा



**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले की एक अदालत ने एक नाबालिग लड़की द्वारा प्रेम प्रस्ताव को ठुकराये जाने पर उसकी हत्या की कोशिश के मामले में 27 वर्षीय व्यक्ति को सात साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) वीवी वीरकर ने मंगलवार को अपने आदेश में दोषी पर 26,000 रुपये का जुमार्ना भी लगाया। वर्ष 2018 में हुई घटना के संबंध में उसे भारतीय दंड संहिता और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के प्रावधानों के तहत दोषी ठहराया गया। न्यायाधीश ने आदेश दिया कि जुमार्ने की राशि वसूली के बाद पीड़िता को दी जाए, जो इस घटना के समय 14 वर्ष की थी और कक्षा सात में पढ़ रही थी।

# भाजपा ने पांच सांसदों का काटा टिकट, छह नए चेहरों को उतारा गया मैदान में...
## मुंबई की दो सीटों पर बदले प्रत्याशी

**मुंबई :** लोकसभा चुनाव के लिए बुधवार को भाजपा ने उम्मीदवारों की दूसरी सूची घोषित की। इसमें महाराष्ट्र की 20 लोकसभा सीटों पर प्रत्याशियों के नाम घोषित किए गए हैं। पार्टी ने 13 सीटों पर प्रत्याशियों को रिपीट किया है, जबकि पांच सीटों पर प्रत्याशियों को बदल दिया गया है। लोकसभा चुनाव में छह नए चेहरों को मौका दिया गया है। महायुति सरकार में मंत्री सुधीर मुनगंटीवार को विदर्भ के चंद्रपुर सीट से उम्मीदवारी दी गई है। मुंबई की दो लोकसभा सीटों पर प्रत्याशी बदले गए हैं। घोषित 20 उम्मीदवारों की सूची में पांच महिलाएं शामिल हैं।




उम्मीद के मुताबिक केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को नागपुर से उम्मीदवार बनाया गया है। बीड सीट पर बहनों की अदला-बदली हुई है। इस सीट पर दो बार से सांसद रही प्रीतम मुंडे की जगह उनकी बहन पंकजा मुंडे को प्रत्याशी बनाया गया है। मुंबई की दो सीटों पर भाजपा ने प्रत्याशी बदल दिए हैं।

### छह नए चेहरों को मौका

भाजपा की सूची में छह नए लोगों को प्रत्याशी बनाया है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल पहली बार लोकसभा चुनाव मैदान में उतर रहे हैं। मुलुंड के विधायक और प्रदेश भाजपा के कोषाध्यक्ष मिहीर कोटेचा पर पार्टी ने भरोसा जताते हुए उन्हें मुंबई उत्तर पूर्व से प्रत्याशी बनाया है। मुलुंड के लंबे समय से विधायक रहे सरदार तारा सिंह का टिकट काटकर कोटेचा को विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी बनाया गया था। महायुति सरकार में वन और सांस्कृतिक कार्य मंत्री सुधीर मुनगंटीवार को चंद्रपुर से टिकट दिया गया है। पिछले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के हाथ एकमात्र चंद्रपुर सीट लगी थी, यहां से सुरेश धानोरकर चुनाव जीते थे, उन्होंने भाजपा के हंसराज अहिर को हराया था। जलगांव सीट पर उन्मेश पाटिल की जगह स्मिता वाघ को प्रत्याशी बनाया गया है। स्मिता वाघ भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष रह चुकी हैं। इसके बाद 2017 में उन्हें विधान परिषद भेजा गया। अकोला सीट पर संजय धोत्रे की जगह उनके बेटे अनूप धोत्रे को टिकट दिया गया है। वहीं बीड सीट पर प्रीतम मुंडे की जगह उनकी बहन पंकजा मुंडे को टिकट दिया गया है। पुणे सीट से मुरलीधर मोहोल को प्रत्याशी बनाया गया है। वे पुणे महानगरपालिका के महापौर रह चुके हैं।

# कारोबारी की पत्नी की गला रेतकर हत्या
## फ्लैट में मिला शव... इलाके में सनसनी

**मुंबई :** मुंबई के सबसे हाई प्रोफाइल और सुरक्षित इलाके के रूप में जाने जाने वाले नेपियन सी रोड पर एक बेहद चौंकाने वाली घटना घटी। इस घटना ने पूरी मुंबई को हिलाकर रख दिया है। नेपियन सी रोड पर एक निर्जन हाईट्स बिल्डिंग में एक बुजुर्ग महिला की हत्या कर दी गई। नेपियन सी रोड दक्षिण मुंबई का एक संभ्रांत इलाका है। जहां कई बड़े बिजनेसमैन और राजनेता रहते हैं। इसलिए इस इलाके को हाई प्रोफाइल इलाका कहा जाता है। पुलिस के मुताबिक, मृत महिला का नाम ज्योति शाह है और उनकी उम्र 63 साल है। मृतक महिला के पति का नाम मुकेश शाह है और वह एक ज्वेलरी शोरूम के मालिक हैं। महिला की गला दबाकर हत्या की गई थी। मालाबार हिल पुलिस ने इस





मामले में आईपीसी की धारा 302 के तहत एफआईआर दर्ज की है। साथ ही पुलिस द्वारा आरोपियों की सघन तलाश की जा रही है।

शुरूआती जांच के मुताबिक पुलिस को घरेलू नौकर पर शक है। ज्योति शाह और मुकेश शाह दोनों बड़े थे। इसलिए उन्होंने घर के काम का बोझ हल्का करने के लिए कुछ दिन पहले एक नौकर रखा था। वह घर का सारा काम करता था। उनकी वजह से ज्योति शाह को घर के काम में मदद करनी पड़ती थी। लेकिन जब से ज्योति शाह की हत्या हुई है, तभी से उनके घर का नौकर भी लापता है।

# संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

## चुगने वालों की दावत

सियासत यूं तो महत्त्वाकांक्षा का दाना है, लेकिन चुगने वालों की दावत कई बार पिंजरों में फंसा देती है। अपने-अपने मुकाम के संघर्ष में हिमाचल कांग्रेस के छह विधायक यूं तो एक प्रभावशाली धड़ा है, लेकिन सत्ता के संकट में उनके पक्ष में अनिश्चितता है। राज्यसभा सीट गंवा बैठी कांग्रेस भी फिलहाल दूध से धुली नज़र नहीं आ रही, लेकिन अदालत की पहली दरख्वास्त पर बागी विधायकों के लिए सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल रास्ता आसान नहीं किया। माननीय अदालत ने बागी विधायकों की फरियाद पर चंद टिप्पणियां तो कीं, लेकिन किसी फैसले की शरण उन्हें नहीं दी। जिरह से जुबां तक और जुबां से मुकाम तक, हिमाचल में सरकार बनाम बागी विधायकों के बीच सियासी समीकरण रेंग रहे हैं, तो भाजपा के साथ भी सुर जोड़ की कलह विद्यमान है। यानी यह मुद्दा घिसट कर पेचीदा और लोकसभा चुनाव का पसंदीदा शायर बन गया है। इसी संदर्भ में अगर सुप्रीम कोर्ट ने पूछ लिया कि बागी अपनी कानूनी लड़ाई के लिए पहले हाईकोर्ट क्यों नहीं गए, तो बताने के मार्ग पर मील पत्थर लगाने पड़ेंगे। अपने निर्णय की धाक पर विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने जिस शिद्दत से व्हिप की सूली पर बागियों की सदस्यता छीनी है, उससे राजनीति बेरहम हुई या सत्ता ने खुद को सलामत कर लिया। सत्य के दरवाजे पर पहुंचा मुद्दा भले ही बागियों की मुखबिरी कर रहा है, लेकिन हिमाचल के लिए यह घटनाक्रम अपमान की श्रेणी में आकर पढ़े-लिखे लोगों के राज्य पर प्रश्न खड़े कर रहा है।

सवाल बागियों पर हैं, तो सरकार पर भी उठे हैं और सामने बर्जिश कर रही भाजपा की मांसपेशियों पर भी हैं। बेशक हिमाचल अब मध्यप्रदेश या महाराष्ट्र नहीं बन सका, लेकिन कुल नौ विधायकों के लिए की गई किलेबंदी का गणित इतना भी सरल नहीं कि माथापच्ची न की जाए। भाजपा की सफलता का चक्र कांग्रेस से कहीं व्यापक, तीव्र व सुदृढ़ है, लेकिन हिमाचल के प्रकरण में कांग्रेस अभी तक विफल नहीं हुई है। भले ही पार्टी से राज्यसभा की एक सीट छीन ली गई या नौ विधायकों की पेशबंदी में कांग्रेस के पांव फंसे हैं, लेकिन भाजपा के लिए इस सीरियल की कहानी टेढ़ी हो चुकी है। मामला अदालत की सर्वोच्चता में किस करवट बैठता है, इसे लेकर राजनीतिक चुंबक भी परेशान हैं। बागी विधायकों पर आया विधानसभा अध्यक्ष का फैसला प्रतिकूल बना रहेगा या सुप्रीम कोर्ट से राहत के इतंजार में आगामी सदियां गुजर जाएंगी। जो भी हो, आगामी सोमवार तक सरकार के पास अपना सिक्का जमाने का एक और अवसर तो है ही और इसी के परिप्रेक्ष्य में एक बागी निर्दलीय विधायक आशीष शर्मा और दूसरे कांग्रेस विधायक चैतन्य शर्मा के पिता एवं पूर्व नौकरशाह राकेश शर्मा के खिलाफ हुई एफआईआर की जद में आई जमीन खिसक रही है या ऐसे ताबड़तोड़ हमलों की बिसात पर सियासी कत्ल होते रहेंगे। कहना न होगा कि बागी विधायकों की रियासत को बागी होने से बचाने के लिए एक नई या पीछे रह गई कांग्रेस को इंचार्ज बनाया जा रहा है। अब संगठन व सत्ता का एक साम्राज्य है और जिसे मुख्यमंत्री चला रहे हैं। बेशक कांग्रेस आलाकमान ने समन्वय समिति के गठन में सत्ता को संगठन और संगठन को सत्ता के करीब दिखाने का प्रयत्न किया है, लेकिन सारे घटनाक्रम का जादू अनेक मुट्ठियों में बंद है।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalrokthok
#faisalrokthok

ROKTHOK
LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE SHARE
COMMENT SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# 40 हजार मीट्रिक टन कचरे का निस्तारण...

**वसई:** नगर पालिका ने बंजर भूमि पर पड़े 1.5 लाख मीट्रिक टन कचरे का प्रसंस्करण शुरू कर दिया है। तीन माह में नगर पालिका ने करीब 40 हजार मीट्रिक टन कूड़ा प्रोसेस किया है। वसई विरार शहर में कूड़े की मात्रा दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। आमतौर पर प्रतिदिन 750 से 800 मीट्रिक टन कूड़ा निकलता है। इस कचरे को वसई पूर्व के गोखिवरे भोयदापाड़ा स्थित लैंडफिल में डंप किया जा रहा है। चूँकि पिछले 14 वर्षों से इस कचरे के निपटान की कोई परियोजना नहीं थी, इसलिए एक के ऊपर एक कचरे के ढेर लगाकर पहाड़ों का निर्माण किया गया। इस एकत्रित कूड़े-कचरे के कारण बार-बार आग लगना, आस-पास के क्षेत्र में दुर्गंध फैलना जैसी अनेक नागरिक समस्याएँ उत्पन्न हो गईं। इसमें करीब 15 लाख मीट्रिक टन कूड़ा पड़ा हुआ था. भविष्य में समस्या और अधिक जटिल होने की संभावना थी। इस समस्या के समाधान के



लिए नगर पालिका के ठोस कचरा प्रबंधन विभाग ने इस कचरे का बायोमाइनिंग शुरू कर दिया है. मे साई यूटिलिटी को 20 साल का जनादेश दिया गया है। कचरे को ट्राम प्रणाली के माध्यम से क्रमबद्ध और संसाधित किया जा रहा है। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग की ओर से कहा गया है कि दो से ढाई महीने की अवधि में करीब चालीस हजार मीट्रिक टन कचरे का निष्पादन किया गया है. लैंडफिल पर कूड़े के निस्तारण का काम चल रहा है। उस कार्य की समीक्षा की जा रही है. आम तौर पर इसमें डेढ़ से दो साल का समय लगेगा क्योंकि कचरा अधिक है।

लैंडफिल में कचरे की मात्रा अधिक होती है। फिलहाल तीन ट्रोमल मशीनें मौजूद हैं और उनसे काम चल रहा है। प्रसंस्करण में तेजी लाने के लिए 10 और ट्रोमेल मशीनें खरीदी जाएंगी। वहीं कचरा परिवहन के लिए 20 टिपर और 17 कॉम्पेक्टर भी खरीदे जाने वाले हैं.

प्रक्षेपण स्थल पर शहर से निकलने वाले कचरे का प्रबंधन किया जाएगा। इस प्रबंधन के लिए नगर पालिका ने अपनी मशीनरी खरीदी है। सामग्री पुनर्प्राप्ति सुविधा, उठञ्‍२३ी परियोजना, मिसाइलों के निपटान के लिए हरित अपशिष्ट, दूसरी ओर, पिछले कई वर्षों में जमा हुए लगभग 1.5 मिलियन मीट्रिक टन कचरे को ठोस अपशिष्ट के रूप में निपटाया जाएगा। इसके लिए बजट में 366 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है. वहीं केंद्र सरकार के स्वच्छ भारत मिशन 2 से कूड़ा निस्तारण के लिए 46 करोड़ की धनराशि मिलेगी.

# महाराष्ट्र के नासिक में जान जोखिम में डालकर स्कूल जा रहे बच्चे... इस तरह कर रहे नदी पार



**नासिक:** महाराष्ट्र के नासिक में बच्चे जान जोखिम में डालकर स्कूल जा रहे हैं. इसका एक वीडियो भी सामने आया है. पुल के अभाव में, नासिक के पेठ तालुका में बच्चों का समूह स्कूल पहुंचने के लिए हर दिन नदी पार करता है. एक स्थानीय व्यक्ति का कहना है, ''नदी गहरी है लेकिन बच्चों को स्कूल जाना पड़ता है, इसलिए हम उन्हें कंधों पर या बड़े बर्तनों में ले जाते हैं। हम प्रशासन से पुल बनाने का अनुरोध करते हैं।'' इसपर एकनाथ शिंदे के बेटे और सांसद श्रीकांत शिंदे का बयान सामने आया है. शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) के सांसद श्रीकांत शिंदे ने कहा, ''यहां लगभग 20,000-25,000 लोग रहते हैं लेकिन बारिश में सभी गांवों का संपर्क टूट जाता है। ऐसी स्थिति में अस्पतालों और तालुका के स्थानों पर जाना मुश्किल हो जाता है। जब ने दिखाया कि बच्चों को स्कूल जाने के लिए बड़े-बड़े बर्तनों में नदी पार करनी पड़ती है, बात सरकार तक पहुंची. सीएम एकनाथ शिंदे की सरकार ने कदम उठाया. आने वाले सालों में सभी गांव एक-दूसरे से जुड़ेंगे.''

# बुजुर्ग महिला हुई चेन स्नैचिंग की शिकार...

**नालासोपारा :** आचोले पुलिस स्टेशन अंतर्गत एक 68 वर्षीय बुजुर्ग महिला के साथ चेन स्नैचिंग की घटना हुई है। इस संबंध में आचोले पुलिस ने अज्ञात स्नैचर के खिलाफ कलम 392 के तहत अपराध दर्ज कर आगे की विवेचना कर रही है। यह घटना 11 मार्च दोपहर 12; 30 बजे के आसपास घटी है। यानी स्नैचर दिन दहाड़े घटना को अंजाम दे रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार, रिना व्होरा (68), निवासी-आचोले क्रॉस रोड, नेमिनाथ नगर टॉवर, नालासोपारा पूर्व के क्षेत्र में रहती है।

# NMMC के डीपी सार्वजनिक नोटिस के मराठी, अंग्रेजी संस्करणों में रेड ओवर गलती

**मुंबई :** जिसे 'सरासर लापरवाही' या 'आधिकारिक उदासीनता' कहा जा सकता है, नवी मुंबई नगर निगम (एनएमएमसी) की मसौदा विकास योजना की सार्वजनिक सूचना में एक बड़ी गलती है। कुछ निवासियों के अनुसार, मराठी और अंग्रेजी संस्करणों में विसंगति है, या तो जानबूझकर किया गया है या यह अधिकारियों की ओर से लापरवाही है।''एनएमएमसी द्वारा राज्य सरकार को सौंपी गई विकास योजना में बड़ी विसंगति है। हम नेरुल नोड में प्रस्तावित परिवर्तनों, विशेष रूप से मराठी और अंग्रेजी संस्करणों के बीच देखी गई गलती पर अपना कड़ा विरोध और विरोध दर्ज कराना चाहते हैं, ''निवासियों ने कहा।एनएमएमसी आयुक्त को एक प्रति के साथ प्रमुख



सचिव (शहरी विकास) को लिखे पत्र में, निवासियों ने डीपी के मराठी संस्करण में अधिकारियों का ध्यान आकर्षित किया है, जिसमें 'सेक्टर 52 ए, नेरुल में विकास' का उल्लेख किया गया है, लेकिन अंग्रेजी संस्करण में सेक्टर 52 (डीपीएस झील) के क्षेत्र का उल्लेख है।

अंग्रेजी संस्करण कहता है कि योजना के अनुसार, सेक्टर 52 में जल निकाय के रूप में दिखाई गई भूमि अब आवासीय क्षेत्र में शामिल है, जबकि मराठी संस्करण कहता है कि योजना के अनुसार, सेक्टर 52 ए में जल निकाय के रूप में दिखाई गई भूमि को चिह्नित किया गया है। आवासीय क्षेत्र के रूप में, ''निवासियों ने कहा।''यह या तो सरासर लापरवाही है या सेक्टर 52 और 52 ए दोनों में जल निकायों को नष्ट करने का जानबूझकर किया गया प्रयास है। यह सिर्फ एक विसंगति है जो मैंने इस सार्वजनिक नोटिस के बारे में पढ़ी गई पांच पंक्तियों में पाई। मुझे नहीं पता कि निवासियों को भ्रमित करने के लिए मराठी और अंग्रेजी संस्करणों में ऐसी कितनी विसंगतियां हैं, ''सेव नवी मुंबई एनवायरमेंट के संस्थापक, सुनील अग्रवाल ने कहा।''इस तरह के एक महत्वपूर्ण दस्तावेज के दो संस्करण एनएमएमसी नगर नियोजन विभाग के प्रयासों और ईमानदारी पर गंभीर सवाल उठाते हैं और पूरे अभ्यास की अखंडता पर छाया डालते हैं। इसके अलावा, यह बिल्डर लॉबी द्वारा चलाए जा रहे संबंधित प्रभाव पर प्रकाश डालता है, जो आखिरी मिनट में पिछले दरवाजे से किए गए बदलावों में स्पष्ट है,'' नेरुल के सेक्टर 6 के निवासी चंद्रमोहन गायकवाड़ ने कहा, ''यह पारदर्शिता, जवाबदेही की आवश्यकता का एक स्पष्ट अनुस्मारक है।'' और सभी शहरी नियोजन प्रयासों में सार्वजनिक हित के प्रति अटूट प्रतिबद्धता।




# महाराष्ट्र के पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे सीएए कानून को बताया 'चुनावी हथकंडा'

**मुंबई :** महाराष्ट्र के पूर्व सीएम और शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे सीएए कानून को लेकर बड़ा बयान दिया है. ठाकरे का कहना है, ''देश में नया कानून सीएए लाया गया है. जो हिंदू, सिख, पारसी और जैन देश के बाहर डरे हुए हैं, उन्हें हमारे देश में लाया जाएगा.'' निश्चित रूप से लाया जाएगा, लेकिन यह सिर्फ एक चुनावी हथकंडा है.''



उद्धव ठाकरे ने आगे कहा, ''जब मैं सीएम था, तो वे (बीजेपी) देश में सीएए और एनआरसी का भूत लेकर आए. उस समय लोगों के मन में डर पैदा हो गया, खासकर असम के लोगों के मन में. इस कानून के खिलाफ कोर्ट में कई याचिकाएं हैं. अभी कोर्ट का फैसला नहीं आया है, लेकिन उन्होंने सीएए का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है. वे धर्मों के बीच भेदभाव पैदा कर झगड़े और दंगे कराना चाहते हैं. आने वाले चुनाव में एक पर एक तरफ बीजेपी है जो धर्मों के बीच नफरत पैदा कर रही है और दूसरी तरफ देशभक्त 'इंडिया'गठबंधन है. यह चुनाव देशभक्त बनाम नफरत करने वालों के बीच होने जा रहा है. अगर आप विदेशों से हिंदुओं को हमारे यहां लाना चाहते हैं तो पहले कश्मीरी पंडितों को वापस लाओ और फिर सीएए लाओ.''

सीएए कानून पीएम मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा उन शरणार्थियों के लिए दी गई एक बड़ी राहत है, जो धार्मिक उत्पीड़न के कारण उपरोक्त देशों से भारत आने के बाद से अनिश्चितता की स्थिति में हैं. सीएए उन उद्देश्यों को पूरा करने जा रहा है, जो सरकार ने 11 दिसंबर, 2019 को संसद में विधेयक पारित करते समय निर्धारित किए थे. नागरिकता अधिनियम, 1955 (1955 का 57) भारतीय नागरिकता के अधिग्रहण और निर्धारण के लिए अधिनियमित किया गया था. ऐतिहासिक रूप से भारत, पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश वाले क्षेत्रों के बीच आबादी का सीमा पार प्रवास लगातार होता रहा है.

# एकनाथ खडसे की हो सकती है घर वापसी?

## राकांपा शरद पवार गुट छोड़कर भाजपा में हो सकते हैं शामिल



**मुंबई :** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री एकनाथ खड़से की घर वापसी हो सकती है। खडसे राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) को छोड़कर भाजपा में शामिल हो सकते हैं। सूत्रों से ऐसी जानकारी मिली है। आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा पार्टी छोड़कर जाने वाले वरिष्ठ नेताओं की घर वापसी करा रही है, ऐसे में एकनाथ खड़से भाजपा के ऐसे नेता है जिनका नासिक खासकर जलगांव में बड़ा जनाधार है, जिनके पार्टी में आने पर चुनाव में पार्टी को बड़ा फायदा मिल सकता है।

सूत्रों से ऐसी जानकारी मिली है कि इस संबंध में खडसे और भाजपा के वरिष्ठ नेता से बातचीत चल रही है। वहीं भाजपा में शामिल और घर वापसी की चल रही चर्चा पर एकनाथ खडसे ने चुप्पी तोड़ी है। खडसे ने कहा भाजपा में शामिल होने का कोई बड़ा कारण नहीं है भाजपा में जाने की मेरी इच्छा नहीं है। मैं जब भी कही जाऊंगा भी तो छिपकर नहीं जाऊंगा। शरद पवार को बताकर जाऊंगा। मंगलवार को एकनाथ खड़से पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। खडसे ने भाजपा में जाने का संकेत दिया है, उन्होंने कहा कि भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से मेरे अच्छे संबंध हैं पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ मेरा व्यक्तिगत संबंध है, अगर मुझे भाजपा में शामिल होना होगा तो मैं उसने सम्पर्क करूंगा। उन्होंने यह भी कहा कि मैं वास्तव में भाजपा में शामिल नहीं होना चाहता हूं, मेरी बहु रक्षाताई ने मुझे कभी भी भाजपा में शामिल होने के लिए नहीं कहा। क्या ईडी की जांच के चलते आप भाजपा में शामिल होने वाले हैं? इस सवाल के जवाब में खड़से ने कहा कि अब ईडी जैसी कोई चीज नहीं है। मुझे नोटिस मिला उसका हमने जवाब दे दिया।

# वध के लिए ले जा रहा था गोवंश... ड्राइवर पकड़ाया, गाड़ी जब्त



**खंडवा :** गोवंश को वध के लिए महाराष्ट्र ले जाने वाले आरोपी ड्राइवर को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। टीआई सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि जामली गांव में घेराबंदी कर छोटा हाथी गाड़ी को पकड़ा। आरोपी ड्राइवर ड्राइवर शकील उर्फ पप्पू पिता जुम्मा शेख निवासी फकीर मोहल्ला गाड़ी में तीन केड़ों को भरकर वध के लिए महाराष्ट्र ले जा रहा था। आरोपी के खिलाफ गोवंश अधिनियम के तहत केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 1 लाख 9 हजार रुपए कीमती पशु व गाड़ी जब्त की है।

# डीआरआई केस में मुंबई कोर्ट ने हीरा व्यापारी गिरीश काडेल को कर दिया बरी

**मुंबई :** अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट, 19वीं अदालत, एस्प्लेनेड मुंबई की अदालत ने राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) द्वारा दायर एक मामले में हीरा व्यापारी गिरीश काडेल को बरी कर दिया है। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट पी. मोदी ने 2 मार्च, 2024 को एक आदेश में राजस्व खुफिया निदेशालय द्वारा 21 जून, 2019 को दायर शिकायत को खारिज करने का फैसला किया । परिणामस्वरूप, व्यवसायी गिरीश काडेल को भारतीय दंड संहिता, 1860 की धारा 174 और सीमा शुल्क अधिनियम , 1962 की धारा 108 के तहत अपराध से बरी कर दिया गया है।



अदालत ने कहा कि विशेष लोक अभियोजक भी अनुपस्थित थे। उनकी ओर से कोई भी लंबे समय से मामले की कार्यवाही में शामिल नहीं हो रहा है। इसलिए यह कहा जा सकता है कि शिकायतकर्ता या उसका विभाग इस मामले को आगे बढ़ाने में इच्छुक नहीं है। डीआरआई ने मेसर्स एंटीक एक्ज़िम प्राइवेट लिमिटेड द्वारा कच्चे हीरों के आयात में कथित अधिक मूल्यांकन के मामले में की जा रही जांच के संबंध में एसीएमएम कोर्ट के समक्ष शिकायत दर्ज की थी। लिमिटेड और मेसर्स तनमन ज्वेल्स प्रा. लिमिटेड 2022 में, बॉम्बे हाई कोर्ट ने हीरों के अधिक मूल्यांकन में शामिल पार्टियों और सरकारी अधिकारियों को जारी किए गए कारण बताओ नोटिस को रद्द कर दिया था। गिरीश काडेल और सरकार द्वारा अनुमोदित मूल्यांकनकताओं सहित अन्य को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था ।

# मुंबई के नेपियन सी रोड इलाके में 63 वर्षीय महिला की गला घोंटकर हत्या...

## पुलिस को नौकर पर शक



**मुंबई:** पुलिस ने मंगलवार को बताया कि महाराष्ट्र के मुंबई में 63 वर्षीय एक महिला की कथित तौर पर गला घोंटकर हत्या कर दी गई। अधिकारियों के अनुसार, पीड़िता की पहचान ज्योति शाह के रूप में हुई है, जो दक्षिण मुंबई के नेपियन सी रोड इलाके में अपने अपार्टमेंट के अंदर मृत पाई गई थी। पुलिस ने कहा कि वे इमारत के सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रहे हैं, साथ ही उन्हें अपराध में पीड़ित की नई भर्ती की गई घरेलू सहायिका के शामिल होने का संदेह है। मालाबार हिल पुलिस ने मामले में आईपीसी की धारा 302 के तहत एफआईआर दर्ज की है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, पीड़िता अपने पति मुकेश शाह के साथ रहती थी, जिनकी मुंबई में आभूषण की दुकान है। उन्होंने कहा, ''घर की नौकरानी, जिसे हाल ही में भर्ती किया गया था, घटना के समय से कथित तौर पर लापता है।''

# उद्धव के ऑफर पर गडकरी का पलटवार

## 'भाजपा नेताओं की चिंता न करें'

**मुंबई :** लोकसभा चुनाव से पहले महाराष्ट्र में सियासी पारा हाई है। हाल ही में शिवसेना यूबीटी के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने नितिन गडकरी को लेकर एक बयान दिया था, जिस पर अब केंद्रीय मंत्री ने पलटवार किया है। उद्धव ठाकरे ने कहा था कि नितिन गडकरी को 'महाराष्ट्र की क्षमता'दिखानी चाहिए और 'दिल्ली'के सामने झुकने के बजाय इस्तीफा दे देना चाहिए। इतना ही नहीं, यूबीटी प्रमुख ने उन्हें महाराष्ट्र विकास अघाड़ी की ओर से चुनाव लड़ने के लिए निमंत्रण भी दिया, उनके इस बयान को अब नितिन गडकरी ने 'हास्यास्पद'बताया है। नितिन गडकरी ने कहा कि उद्धव ठाकरे का यह बयान उनकी अपरिपक्वता को दर्शाता है और बेहद हास्यासपद है। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास चुनाव के लिए उम्मीदवारों का चयन करने का एक सिस्टम है। नितिन गडकरी ने आगे कहा कि शिवसेना को भाजपा नेताओं की चिंता करने की बिल्कुल जरूरत नहीं है। नितिन गडकरी ने आगे कहा कि उद्धव ठाकरे का सुझाव आगामी लोकसभा चुनावों के लिए महाराष्ट्र में टिकट वितरण पर भाजपा की चर्चा से काफी पहले आया है।

# शिवसेना नेता की हत्या: मौरिस नोरोन्हा के अंगरक्षक के खिलाफ लगाए गए आरोप उचित प्रतीत होते हैं - अदालत

**मुंबई :** यहां की एक अदालत ने कहा है कि मौरिस नोरोन्हा के अंगरक्षक के खिलाफ लगाए गए आरोप उचित प्रतीतहोते हैं। मौरिस ने अपने अंगरक्षक की पिस्तौल का इस्तेमाल शिवसेना (यूबीटी) नेता अभिषेक घोसालकर की हत्या करने में किया था। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश राजेश सासने ने यह टिप्पणी पांच मार्च को अमरेंद्र मिश्रा को जमानत देने से इनकार करने के दौरान की।



मिश्रा को शस्त्र अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया था। मिश्रा पर शस्त्र अधिनियम की धारा 29 (बी) के तहत मामला दर्ज किया गया था, जो यह सुनिश्चित किए बिना किसी को हथियार सौंपने के अपराध से संबंधित है कि क्या उस व्यक्ति को इसे रखने की कानूनी अनुमति है। विस्तृत आदेश मंगलवार को उपलब्ध हुआ। अदालत ने कहा कि इस बात की जांच की जानी चाहिए कि क्या मिश्रा ने नोरोन्हा को बंदूक मुहैया कराई थी और घोसालकर की हत्या की साजिश रची थी।

एक स्थानीय व्यवसायी और 'सामाजिक कार्यकर्ता'नोरोन्हा ने पिछले महीने उपनगरीय बोरीवली में फेसबुक के एक लाइव सत्र के दौरान घोसालकर को मारने के लिए कथित तौर पर मिश्रा के हथियार का इस्तेमाल किया था और बाद में खुद भी जान दे दी। अपनी जमानत याचिका में मिश्रा ने दावा किया कि वह निर्दोष है और उसे मामले में फंसाया गया है। अभियोजन पक्ष ने आरोप लगाया कि नोरोन्हा ने घोसालकर को गोली मारने के लिए मिश्रा की बंदूक का इस्तेमाल किया था और दोनों ने हत्या की साजिश रची थी। दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने कहा कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि नोरोन्हा ने अपने अंगरक्षक की बंदूक का इस्तेमाल करके घोसालकर की हत्या की। कई मामलों का सामना करने वाले नोरोन्हा को पहले बलात्कार के एक मामले में गिरफ्तार किया गया था और लगभग पांच महीने उसने सलाखों के पीछे बिताए थे।

# नालासोपारा से 40 वर्षीय व्यक्ति का अपहरण करने वाले चार लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## कार पर लगे स्टीकर से अपहरणकताओं का मिला सुराग



**नालासोपारा :** मुंबई पुलिस ने आखिरकार नालासोपारा से 40 वर्षीय व्यक्ति का अपहरण करने वाले चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। पिछले कुछ दिनों से मुंबई पुलिस इस मामले में आरोपियों की तलाश कर रही थी. दिलचस्प बात यह है कि मुंबई पुलिस को कार पर लगे स्टीकर से अपहरणकताओं का सुराग मिला है। इस बीच मुंबई पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि इस घटना के पीछे का मास्टरमाइंड कौन है.

मुंबई पुलिस के हवाले से बताया कि नालासोपारा के एक 40 वर्षीय व्यक्ति का पिछले हफ्ते तलोजा में अपने रिश्तेदारों से मिलने के लिए रास्ते में अपहरण कर लिया गया था। हालांकि, कुछ ही देर में शख्स अपहरणकताओं के चंगुल से भागने में कामयाब हो गया। इसके बाद उन्होंने देवनार पुलिस में अपहरणकताओं के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी. इस शिकायत में उन्होंने पुलिस को बताया कि आरोपियों की कार पर 'अलीजा'नाम का स्टीकर लगा हुआ था. इस जानकारी के आधार पर मुंबई पुलिस ने जांच शुरू की. इस दौरान जब पुलिस ने इलाके के सभी सीसीटीवी फुटेज चेक किए तो उन्हें 'अलीजा'नाम के स्टीकर वाली एक कार मिली. आखिरकार पुलिस ने कार की तलाश की और चारों आरोपियों को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया. आरोपियों के नाम अब्दुल दर्जी (42), राजकुमार यादव (30), मुजीब शेख (38) और साहिल शेख (49) हैं। पुलिस की ओर से कहा गया है कि ये चारों आरोपी कंस्ट्रक्शन सेक्टर में काम करते हैं. मुंबई पुलिस के मुताबिक, पीड़िता ने आरोपी से पैसे उधार लिए थे। इसके बाद आरोपी ने पीड़ित से बार-बार पैसे वापस करने का अनुरोध किया। लेकिन, जब उसने पैसे नहीं लौटाए तो आरोपियों ने उसके अपहरण की साजिश रची।

# बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स में बनाया जाएगा पॉड टैक्सी स्टैंड...

**मुंबई :** मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी (एमएमआरडीए) ने बांद्रा से कुर्ला वाया बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स तक पॉड टैक्सी सेवा शुरू करने का फैसला किया है। तदनुसार, एमएमआरडीए ने हाल ही में पॉड टैक्सी मार्ग के निर्माण के साथ-साथ पॉड टैक्सी सेवा के संचालन, रखरखाव के लिए निविदा जारी की है। एमएमआरडीए की योजना इस टेंडर प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा कर काम शुरू करने की है। वहीं इस पॉड टैक्सी प्रोजेक्ट का डिपो बीकेसी में 5000 वर्ग मीटर एरिया में बनाया जाएगा. इस डिपो में एक समय में 208 पॉड टैक्सियाँ खड़ी की जा सकेंगी और इन टैक्सियों का रखरखाव और मरम्मत यहीं किया जाएगा। एमएमआरडीए ने बीकेसी



में ट्रैफिक जाम को कम करने और बीकेसी में आना-जाना आसान बनाने के लिए पॉड टैक्सी सेवा शुरू करने का फैसला किया है। यह परियोजना सार्वजनिक-निजी भागीदारी के माध्यम से क्रियान्वित की जाएगी। यह पॉड टैक्सी बांद्रा रेलवे स्टेशन से बीकेसी होते हुए कुर्ला रेलवे स्टेशन तक 8.8 किमी की दूरी तक चलेगी। बीकेसी में एमटीएनएल जंक्शन से कुर्ला रेलवे स्टेशन तक बेस्ट बस से यात्रा करने में 25 से 30 मिनट लगते हैं। लेकिन छह यात्रियों वाली पॉड टैक्सी यह दूरी महज पांच मिनट में तय कर सकेगी। ऐसे पॉड टैक्सी रूट के निर्माण, पॉड टैक्सी के संचालन और रखरखाव के लिए 6 मार्च को टेंडर जारी किया गया है.

### प्रोसेसिंग में 15 दिन की देरी

**टेंडर दस्तावेज मंगलवार (12 मार्च) को जारी होने थे। लेकिन किसी कारणवश इसमें देरी हो गई और अब टेंडर दस्तावेज 26 मार्च को प्रकाशित किए जाएंगे. टेंडर के मुताबिक इच्छुक कंपनियां 12 मार्च से 15 अप्रैल के बीच टेंडर जमा कर सकती हैं. लेकिन अब इस प्रक्रिया में करीब 15 दिन का समय लगेगा.**

# ठाणे शहर में फ्लाईओवर पर साउंडप्रूफिंग के हिस्से हो गए चोरी?



**ठाणे:** ठाणे शहर में आंतरिक यातायात की भीड़ को हल करने के लिए मिनाताई ठाकरे चौक, वंदना सिनेमा, नौपाड़ा क्षेत्रों में फ्लाईओवर का निर्माण किया गया है। फ्लाईओवर की दीवारों पर ध्वनि अवरोधक लगाए गए हैं ताकि इस फ्लाईओवर से सटी इमारतों के निवासियों को वाहनों के शोर से परेशानी न हो। पिछले कुछ दिनों से इस साउंडप्रूफिंग के हिस्से भी गायब होने लगे हैं। स्थानीय लोग रिपोर्ट कर रहे हैं कि चोर-उचक्के साउंडप्रूफिंग पाट्‌र्स चुरा रहे हैं। इस मामले में अभी तक कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है. बची हुई साउंडप्रूफिंग आंशिक रूप से हटा दी गई है और अगर यह नीचे गिरी तो फ्लाईओवर के नीचे सड़क पर बड़ा हादसा होने की आशंका है.

ठाणे नगर निगम ने शहर की आंतरिक सड़कों पर यातायात की भीड़ से बचने के लिए मीनाताई ठाकरे चौक, वंदना सिनेमा और नौपाड़ा में फ्लाईओवर का निर्माण किया है। ये सभी फ्लाईओवर से सटी इमारतें हैं। रात के समय वाहनों की तेज आवाज के कारण नागरिकों को ध्वनि प्रदूषण का सामना करना पड़ता है।

इसलिए नगर निगम ने वाहनों के शोर को रोकने के लिए फ्लाईओवर की दीवारों पर ध्वनि अवरोधक लगाए हैं। ये ध्वनि अवरोधक वाहनों की आवाज को रोकते हैं। पिछले कुछ दिनों से देखा जा रहा है कि इस साउंडप्रूफिंग के हिस्से अचानक गायब हो रहे हैं। नागरिक 'एक्स'और अन्य सोशल मीडिया पर इसकी शिकायत कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि चोर और बदमाश ध्वनिरोधी भागों की चोरी कर रहे हैं। चोरों ने कुछ ध्वनिरोधी भागों को आंशिक रूप से हटा दिया है। वाहन चालकों का कहना है कि इन साउंडप्रूफ फ्लाईओवर से गिरने से बड़ी दुर्घटना हो सकती है। इस घटना के बारे में जब नौपाड़ा पुलिस से पूछा गया तो पुलिस ने बताया कि ऐसी कोई शिकायत नहीं मिली है. जब ठाणे नगर निगम से संपर्क किया गया तो उनकी ओर से कोई जवाब नहीं आया.

# मुंबई अहमदाबाद हाईवे पर पूर्व नगरसेवक श्याम पेंढारी की कार दुर्घटना में मौत !



**वसई:** नालासोपारा नगर परिषद के पूर्व नगरसेवक श्याम पेंढारी की बुधवार सुबह मुंबई अहमदाबाद हाईवे पर एक दुर्घटना में मौत हो गई. वह 58 वर्ष के थे. बहुजन विकास अघाड़ी कार्यकर्ता श्याम पेंढारी की पत्नी जया पेंढारी वसई विरार नगर निगम की पूर्व पार्षद भी हैं। बुधवार सुबह करीब साढ़े चार बजे श्याम पेंढारी अपनी ब्रिजा कार (एमएच 02 जीबी 935) से मुंबई से नालासोपारा की ओर आ रहे थे। फिलहाल हाईवे पर कंक्रीटिंग के काम के चलते ट्रैफिक जाम है. इसलिए पेंढारी ने कार विपरीत दिशा में चला दी। हाईवे पर मालजीपाड़ा में लोढ़ा धाम के पास एक आयशर ट्रक (डीडी 03 आर 9093) मुंबई की ओर आ रहा था। उस आयशर ट्रक ने पेंढारी की कार को सामने से टक्कर मार दी. यह भीषण हादसा उस वक्त हुआ जब दोनों गाड़ियां आपस में टकरा गईं. श्याम पेंढारी और कार में सवार एक अन्य व्यक्ति को इलाज के लिए मीरा रोड स्थित भक्ति वेदांत अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिन डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया. नायगांव पुलिस ने दुर्घटना में शामिल आयशर चालक को हिरासत में लिया है।

# मुंबई के अंधेरी में 5 एक स्टार होटल के कमरे में मृत पाया गया अमेरिकी नागरिक...



**मुंबई :** महाराष्ट्र के मुंबई के अंधेरी इलाके में एक 5 स्टार होटल के कमरे में मंगलवार सुबह एक 62 वर्षीय अमेरिकी नागरिक मृत पाया गया. मृतक व्यक्ति की पहचान मार्क विलियम्स के रूप में हुई है, जो 9 मार्च को मुंबई आया था और 14 मार्च को लौटने की योजना बना रहा था. अधिकारियों ने कहा कि अमेरिकी नागरिक एक बैठक के लिए मुंबई में था और 9 मार्च से होटल में रह रहा था.

मुंबई सहार पुलिस ने आकस्मिक मौत रिपोर्ट दर्ज कर ली है और मामले की जांच जारी है. पुलिस के मुताबिक, घटना में किसी गड़बड़ी का संदेह नहीं है. प्रारंभिक जांच से पता चला कि विदेशी नागरिक की मौत 'प्राकृतिक कारणों' से हुई. हालांकि, इस मामले को लेकर होटल के स्टाफ से भी पूछताछ की जा रही है.

**पुलिस में FIR दर्ज**

सहार पुलिस ने आकस्मिक मौत की रिपोर्ट दर्ज की और शव को विले पार्ले वेस्ट के कूपर अस्पताल भेज दिया गया. पुलिस को मंगलवार सुबह करीब 10 बजे सूचना मिली. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नजदीकी सरकारी अस्पताल भेज दिया.

## जले हुए शव से सुलझी हत्या की गुत्थी

**महाड:** महाड तालुका के वाहुर उगवतवाडी में एक ठेकेदार के विवाद के चलते एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई और उसका शव जला दिया गया. पुलिस ने इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है. पुलिस को सोमवार (11) सुबह वाहूर उगवतवाड़ी में आंशिक रूप से जले हुए शव के बारे में सूचना मिली। पुलिस को जानकारी मिली थी कि यह शव लखन चव्हाण (उम्र 22 वर्ष, मूल निवासी जाफराबाद, जिला जालना) का है, जो वर्तमान में (हनीफ प्लाजा बिल्डिंग के सामने खाली जगह) रहता है। इस जानकारी के आधार पर पुलिस ने हत्या के मास्टरमाइंड छगन मोहिते (उम्र 36, मूल निवासी मलकापुर, तालुका भोकरदन, जिला जालना) को गिरफ्तार कर लिया है।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com